'विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का पालन करें'

भीनमाल,(निसं)। भीनमाल के निकटवर्ती ग्राम धनवाडा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में कन्या पूजन एवं कृष्ण भोग का आयोजन मुख्य अतिथि जितेन्द्र माली प्रदेशाध्यक्ष अखिल भारतीय असंगठित कामगार कांग्रेस, अध्यक्षता माणक मल भंडारी अध्यक्ष नागरिक कल्याण मंच एवं विशिष्ट अतिथि मुकेश सोलंकी अध्यक्ष युवा मंच, नाथू खान बेहलिम रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जितेन्द्र माली ने कहा कि विद्यालय विकास के लिए वे हर संभव तैयार है।

उन्होंने कहा कि वे विद्यालय विकास में सहयोगी बनना चाहते हैं तथा विद्यालय के लिए हर समय तैयार रहेगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए माणकमल भंडारी ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का पालन करे। भंडारी ने विद्यार्थियों आग्रह किया कि वे शिक्षा के साथ खेल में भी आगे बढे। स्वच्छता अभियान की चर्चा करते हुए भंडारी ने कहा कि हमेशा घर, मोहल्ला, गाँव के साथ विद्यालय की सफाई करवाने में भी पीछे नहीं रहे। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिसर देखने से ऐसा लगता है कि यह राजकीय विद्यालय न हो कर निजी विद्यालय है, ऐसी सफाई व्यवस्था की भी सराहनिय है।अध्यापक गोपालचंद जीनगर ने शाला की प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

एक शाम पीर शांतिनाथजी महाराज के नाम भजन संध्या में उमड़ी भक्तो की भीड़

जालोर, (कासं)। एक शाम ब्रह्मलीन पीर शांतिनाथ जी महाराज के नाम विशालतम भक्ति संध्या का आयोजन गुरुवार रात्रि को जालोर के समस्त नाथजी भक्तो की ओर से किया गया।

ब्रह्मलीन महंत पीर शांतिनाथ महाराज की 13वीं पुण्यतिथि 2 अक्टूबर को मनाई गई। गुरुवार रात तिलक द्वार स्थित भारत माता चौक में विशालतम भजन संध्या का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पीर शांतिनाथ महाराज की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस

■ **ब्रह्मलीन महंत पीर शांतिनाथ महाराज की 13वीं पुण्यतिथि 2 अक्टूबर को मनाई**

दौरान जालोर सहित आसपास के गाँवो से सैकडो की संख्या में श्रद्धालु भजन संध्या में पहुंचे।

भजन संध्या की शुरुआत जालोर के स्थानीय कलाकार रमेश लोहार लोहार द्वारा गणपति वंदना के साथ आगाज किया । उसके पश्चात् जालोर के प्रसिद्व भजन गायक जोग भारती द्वारा गुरु महिमा व नाथ जी तो बोलता अमृत वाणी रे...,जोधपुर की धरती से गजेन्द्र राव द्वारा राजा भरतरी ... व गौरक्ष नाथ जी की वाणी गायी । उसके बाद रानी से आई भजन गायिका अनिता जांगिड द्वारा नाथ अमली म्हारो भोलो अमली...., केशर कटोरे .... सहित अन्य कई भजनों की प्रस्तुति दी गयी । सुबह बह्म मुहूर्त में महाआरती के साथ भजन संध्या का सफल आयोजन पुरा हुआ ।

इस दौरान जोधपुर से महंत शम्भुनाथ महाराज ,भैरूनाथ अखाडे से योगी आनंदनाथ महाराज , योगी शेरनाथ महाराज ,नागनेची माता मंदिर से गोविन्द नाथ महाराज, झरनेश्वर महादेव मंदिर से सांईनाथ महाराज,मुंडेश्वर महादेव मंदिर बिशनगढ से योगी बद्रीनाथ महाराज धुनिया मठ से सोमपुरी महाराज अर्जुन नाथ, कपिलनाथ समेत कई सैकडो की संख्या में नाथजी के भक्तगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में मंच संचालन बावडी के शैतानसिंह ने किया।

जालोर में एक शाम ब्रहमलीन पीर शांतिनाथ महाराज के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया।

हेमावास बांध जल वितरण समिति की बैठक आयोजित

पाली। जल वितरण समिति हेमावास बांध से वर्ष 2025-26 संवत 2082 की रबी फसल की सिंचाई के लिये जल वितरण समिति की बैठक का आयोजन शुक्रवार को हेमावास रेस्ट हाउस में जिला कलक्टर एवं अध्यक्ष जल वितरण समिति हेमावास बांध एलएन मंत्री पाली की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला कलेक्टर मंत्री ने इस अवसर पर किसानों से चर्चा करते हुए कहा कि जल का संरक्षण व इसके दुरपयोग न हो इसके लिए केंद्र व राज्य सरकार प्रतिबद्ध है उन्होंने सिंचाई के लिए व पीने के लिए पानी की आवश्यकता के बारे में सभी का पक्ष सुना। इस अवसर पर पाली विधायक भीमराज भाटी, जिला पुलिस अधीक्षक आदर्श सिधू, प्रशिक्षु आईएएस बिरजू गोपाल, उपखंड अधिकारी विमलेंद्र राणावत, जल संसाधन विभाग के एसई रामनारायण चौधरी, अधिशाषी अभियन्ता एवं सदस्य सचिव हेमावास बांध ,जल संसाधन खंड शंकर सिंह, पीएचईडी के कान सिंह, सुनील भंडारी, आदि मौजूद रहे।

नवरात्रा महोत्सव का समापन

जालोर, (कासं)। जालोर में बैधनाथ महादेव भक्त मंडल की ओर से 9 दिवसीय नवरात्रा महोत्सव का समापन हुआ। तरुण त्रिवेदी ने बताया कि वेदनाथ महादेव के मोहल्ले वासियों द्वारा तन मन धन से सहयोग कर सपरिवार सम्मिलित होकर इस नवरात्रि गरबा महोत्सव का बडे धूमधाम से आयोजित किया गया। आयोजन मैं माता बहनों द्वारा पारंपरिक और सांस्कृतिक वेशभूषा पहनकर गरबा नृत्य पर प्रस्तुतियां दी गई तथा नन्हे मुन्ने बच्चों ने नवरात्रि कार्यक्रम में बडे धूमधाम से शिरकत की। मोहल्ले वासियों एवं भामाशाह द्वारा बच्चों के लिए पारितोषिक भी रखे गए तथा बेस्ट डांस, बेस्ट कपल, एवं बेस्ट पोशाक के नाम वितरित किए गए। नवरात्रि के अंतिम दिवस 101 दीपो की महाआरती एवं 51 कन्याओं का पूजन एवं भोजन प्रसादी का कार्यक्रम रखा गया। सभी कॉलोनी वासियों द्वारा इस कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग किया गया। वेधनाथ भक्त मंडल के पुजारी नरपत शर्मा द्वारा सुबह शाम आरती का पूर्ण लाभ लिया। गरबा के कार्यकारिणी सदस्य अजय पाल सिंह, किरण ओझा, किरण दवे, ज्योति त्रिवेदी, मीनाक्षी दवे, प्रीति दवे, तरुणा दवे, राखी ओझा, रेखा त्रिवेदी, विजय दवे, ममता राजपुरोहित, एंजल दवे एवं प्रियांशी त्रिवेदी की कार्यकारिणी में नवरात्रि के 9 दिवसीय कार्यक्रम को सुशोभित माता के आशीर्वाद से मनाया गया।

सुधार दिवस आयोजित

पाली । सामाजिक सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जिला कारागृह पाली में आज शुक्रवार को अपराधी सुधार दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सामाजिक सुरक्षा अधिकारी कानाराम पारंगी द्वारा इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई। पारंगी ने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में अनुशासन, शिक्षा, आत्मचिंतन और नशा-मुक्त जीवन अपनाने से ही व्यक्ति सही मायनों में समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकता है। उन्होंने बंदियों से आग्रह किया कि वे कारावास की अवधि को आत्मसुधार का अवसर मानते है।

गरबा की ताल पर थिरके नन्हे-नन्हे कदम

सांचौर, (निसं)। नेहरू कॉलोनी स्थित एप्पल इंग्लिश मीडियम स्कूल सांचोर में गरबा महोत्सव बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नर्सरी से लेकर कक्षा दसवीं तक के विद्यार्थियों ने पारंपरिक गरबा नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधानों में नृत्य करते हुए अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरीश पुरोहित सिलु उपस्थित रहे।

साथ ही विशिष्ट अतिथि शाह विपुल भाई, अमराराम जी माली, दिनेश खत्री, वार्ड पार्षद हरीश परमार सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं अभिभावक भी बडी संख्या में पहुंचे। मुख्य अतिथि हरीश पुरोहित ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पढाई के साथ-साथ बच्चों को हमारी संस्कृति और परंपराओं से जोडना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम न केवल बच्चों को संस्कारों से जोडते हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और सामाजिक समरसता भी विकसित करते हैं। विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों का स्वागत कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण)-प्रथम, उत्तर-पश्चिम रेलवे, जोधपुर निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा (खुली निविदा सिंगल पैकेट पद्धति) आमंत्रित करते हैं। **निविदा सूचना संख्या: T.No. JU/Const./T-03/2025-26/UAV/Drone. कार्य का नाम स्थान सहित:** Project monitoring of the ongoing Luni-Samdari-Bhildi double line project (271.97 Km.) by using Aerial Videography with RTK/PPK enabled UAV / Drone. **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 3,13,90,407.66/-. **जमा की जाने वाली बयाना राशि:** ₹ 3,07,000.00/- **ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय: 25.10.2025** को **14.00** बजे तक। वेबसाईट का विवरण, जहां पर ई-निविदा देखी व भरी जा सकती हैं: **www.ireps.gov.in** कार्यालय ई-मेल का पता: **dycecju@nwr.railnet.gov.in**

1274-AR/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

संसदीय कार्य मंत्री ने 9.57 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया

जोधपुर, (कासं)। संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत मेलबा पंचायत समिति धवा में विभिन्न विभागों के 9 करोड़ 57 लाख 85 हजार रुपए की लागत के विकास कार्यों का विधिवत शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री ने ग्रामीण सेवा शिविर का अवलोकन किया पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गांव और गरीब के उत्थान एवं कल्याण के लिए अनवरत काम कर रही है। इसी दिशा में सेवा पखवाड़ा प्रदेश के हर नागरिक तक सुशासन, सुविधाएं और विकास की पहुंच सुनिश्चित करने के साथ ही जनसेवा के ध्येय की प्राप्ति का एक सशक्त माध्यम है। पटेल ने कहा जोजरी में गंदा पानी प्रवाहित नहीं हो इसके लिए पूरी गंभीरता से कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा नवीन विद्यालय भवन का निर्माण शीघ्र करवाया जाएगा। उन्होंने उपखंड अधिकारी को जोजरी के

■ **पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गांव और गरीब के उत्थान एवं कल्याण के लिए अनवरत काम कर रही है**

गन्दे पानी से प्रभावित खेतों का सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक जैसलमेर सांगसिंह भाटी, प्रधान धवा गोविंदराम, उप प्रधान शेराराम पाबड़, सरपंच मेलबा जगदीश पटेल, उपखंड अधिकारी लूणी हसमुख कुमार, विकास अधिकारी ओमप्रकाश चौधरी, बीसीएमओ डॉ मोहनदान, तहसीलदार झंवर देवाराम, जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र प्रसाद मेघवाल, छोटू सिंह राठौड़, भंवर पटेल, सिकंदर बक्श, राकेश बिश्नोई सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

एस.एच.ओ. की दबंगई के विरोध में शिक्षकों ने ज्ञापन सौंपा

जालोर, (कासं)। स्कूल शिक्षा परिवार ब्लॉक जालोर ने शुक्रवार को ब्लॉक अध्यक्ष विनोद चौधरी के नेतृत्व में भरतपुर जिले के खेरली मोड थाना प्रभारी द्वारा एक निजी विद्यालय संचालक के साथ किए गए कथित

■ **ज्ञापन में मांग कि है कि संबंधित एसएचओ के सेवा रिकॉर्ड में प्रतिकूल टिप्पणी दर्ज कर भविष्य में उन्हें फील्ड पोस्टिंग न दी जाए**

दुर्व्यवहार के विरोध में जिला कलैक्टर को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में संगठन का आरोप है कि टीसी (स्थानांतरण प्रमाण पत्र) जैसे सिविल मामले में पुलिस ने अवैध हस्तक्षेप किया। विद्यालय संचालक को धमकाया गया, मारपीट की गई और बिना वजह थाने ले जाकर बंद कर दिया गया। शिक्षा परिवार ने कहा कि यह न सिर्फ शिक्षक समाज का अपमान है बल्कि मानवाधिकार और लोकतंत्र की भावना के खिलाफ है।

ज्ञापन में मांग कि है कि संबंधित एसएचओ के सेवा रिकॉर्ड में प्रतिकूल टिप्पणी दर्ज कर भविष्य में उन्हें फील्ड पोस्टिंग न दी जाए तथा रेंज से बाहर स्थानांतरण किया जाए और टीसी जैसे सिविल मामलों में पुलिस हस्तक्षेप पर स्थायी रोक के आदेश जारी हों।

ब्लॉक अध्यक्ष विनोद चौधरी ने कहा कि शिक्षक डरता नहीं, समाज को गढता है। हमें दबाने की कोशिश पूरे शिक्षा जगत पर चोट है।

विद्यालय संचालक खंगाराराम ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदेशव्यापी आंदोलन होगा।

ज्ञापन देने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में ब्लॉक सचिव रमेश गहलोत, ललित दवे, संजू दवे, मूंगाराम चौधरी, हरिश चौधरी, महेन्द्र सिंह, अक्षयपाल सिंह, खंगाराराम, अशोक कुमार, निर्मल चौहान, ऋचा शर्मा सहित अनेक निजी विद्यालय संचालक मौजूद रहे।

स्कूल शिक्षा परिवार ने विद्यालय संचालक के साथ किए गए कथित दुर्व्यवहार के विरोध में कलैक्टर को ज्ञापन सौपा।

कार्यालय नगरपालिका मण्डल, सायला (जालौर)

(पुराना बस स्टेण्ड, सायला-343022) **E-mail : mbsayla2024@gmail.com**

क्रमांकः न.पा.सा./69A/2025/484 दिनांकः- 29.09.2025

आपत्ति विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्तियों द्वारा 69-क के तहत आवासीय व वाणिज्यिक पट्टा एवं भवन निर्माण स्वीकृति व पट्टा संयुक्तिरण हेतु कार्यालय में पत्रावली प्रस्तुत की गयी है। इस संबंध मे किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 7 (सात) दिवस में मय सबूत दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा बाद म्याद गुजरने पर कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सूचित रहें, जो पत्रावली विवरण निम्न प्रकार है:-

क्र. स.	पत्रावली सं.	प्रार्थी का नाम	पिता/पति का नाम	मौहल्ला/वार्ड संख्या	भूमि का क्षैत्रफल वर्गमीटर	नियमन हेतु
1	10/2025	श्री कमलेश जैन	श्री गेबीचन्द जैन	गुलाब निवास शान्तिपुरा सायला	824.8141 व.मी	आवासीय
2	11/2025	श्री कमलेश जैन	श्री गेबीचन्द जैन	गुलाब निवास शान्तिपुरा सायला	578.53 व.मी	आवासीय
3	12/2025	श्री अमीचन्द जैन	श्री कानमल जैन	पोस्ट ऑफिस रोड सायला	170.29 व.मी	वाणिज्यिक
4	13/2025	श्री अमीचन्द जैन	श्री कानमल जैन	पोस्ट ऑफिस रोड सायला	173.07 व.मी	आवासीय
5	14/2025	श्री उतमचन्द जैन	श्री कानमल जैन	पोस्ट ऑफिस रोड सायला	173.07 व.मी	आवासीय
6	15/2025	श्री उतमचन्द जैन	श्री कानमल जैन	पोस्ट ऑफिस रोड सायला	170.85 व.मी	वाणिज्यिक
7	16/2025	श्री उतमचन्द जैन	श्री कानमल जैन	पोस्ट ऑफिस रोड सायला	329.79 व.मी	वाणिज्यिक
8	17/2025	श्री उतमचन्द जैन	श्री कानमल जैन	पोस्ट ऑफिस रोड सायला	615.36 व.मी	आवासीय
9	18/2025	श्रीमति पार्वति देवी	श्री बगाराम सरगरा	पुलिस थाने के पास वाली गली सायला	116.54 व.मी	आवासीय
10	19/2025	श्रीमति सुकी देवी	श्री मोमताराम सरगरा	पुलिस थाने के पास वाली गली सायला	116.54 व.मी	आवासीय

राज.संवाद/सी/25/11427

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका सायला

कैबिनेट मंत्री कुमावत ने सेवा शिविर का निरीक्षण किया

पाली। ग्रामीण सेवा शिविर अभियान के तहत आज, शुक्रवार को पाली जिले के भांवरी व मणिहारी ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर का कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत एवं संभागीय आयुक्त डॉ प्रतिभा सिंह ने कैम्प का निरीक्षण कर अधिकारियों को

■ **मौके पर आमजन की समस्याओं का किया समधान**

आवश्यक निर्देश दिए।

शिविर में कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने भांवरी व मणिहारी में ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण किया व आमजन की समस्याओं को संवेदनशिलता से सुनने व उनके समाधान के लिए निर्देश दिए।

संभागीय आयुक्त डॉ प्रतिभा सिंह ने भांवरी ग्राम पंचायत पर उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई में 17 प्रकरणों को सुना जिसमें छह हिस्सेदारों के एक बटवारा प्रकरण का निस्तारण किया तथा एक नामशुद्धिकरण कर मौके पर निस्तारण किया। उन्होंने भावरी ग्रामीण सेवा शिविर में 10 पट्टे ग्रामीणों में वितरित किए गए।

इस दौरान एसडीएम विलेन्द्र राणावत, सहायक विकास अधिकारी मनोज भाटी, प्रशासक भांवरी सुनिता त्रिवेदी सहित 17 विभागों के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

ग्रामिणों ने कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत एवं संभागीय आयुक्त डॉ प्रतिभा सिंह को ज्ञापन सौपा।

सेवा कार्यों के साथ मनाया केंद्रीय मंत्री शेखावत का जन्मदिवस

जोधपुर, (कासं)। केंद्रीय संस्कृति व पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का जन्मदिवस सेवा कार्यों के साथ मनाया गया। इस दौरान कल रात से और आज सुबह से ही उनके निवास स्थान पर स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आकर उनको जन्मदिन की मुबारकबाद दी।

शेखावत के जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पर और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक्स पर पोस्ट कर शेखावत को जन्मदिन की बधाई दी। शेखावत सुबह जोधपुर निवास स्थान पर शुभचितंकों से मिले और बाद में वो मेड़ता रोड़ में आयोजित श्री जयमल जयंती समारोह में शामिल होने के लिए मेड़ता रोड़ चले गए। वहां पर भी स्वागत और अभिनंदन किया गया।

मेड़ता रोड से जोधपुर आगमन के

■ **सुबह से ही उनके निवास स्थान पर स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आकर उनको जन्मदिन की मुबारकबाद दी**

बाद जोधपुर आरती नगर स्थित गढ़ गणेश गार्डन में जन्मोत्सव पर लूणी क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके बाद गौशाला में गो सेवा के लिए मंडोर स्थित श्री पन्नालाल गौशाला में गए जहां गौशाला प्रबंधन, नमो टीम एवं स्व द्वारा गो सेवा की।

इसके अलावा मारवाड़ राजपूत सभा में स्वागत समारोह के तहत पावटा बी रोड स्थित मारवाड़ राजपूत सभा की मेज़बानी में आयोजित जन्मोत्सव पर रक्तदान शिविर एवं स्वागत अभिनंदन में शामिल हुए।

कार्यालय नगर परिषद्, सांचौर (राज.)

(टेलिफोन नम्बर-02979-283280 व ई-मेल आई.डी. eosanchore.lsg@rajasthan.gov.in & eosanchore2010@gmail.com)

क्रमांक : न.प.सां./2025/4164 दिनांक : 26.09.2025

-:: आपत्ति विज्ञप्ति ::-

सर्व साधारण एवं आमजन को सूचित किया जाता है कि परिषद् परिक्षेत्र मे विलेख, वसीयत, हकत्याग, उत्तराधिकारी, गिफ्टडीड आदि से खरीदसुदा के नामान्तरण/उपविभाजन/संयुक्तिकरण प्रमाण पत्र हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों का विस्तृत विवरण नीचे अंकित है। इसमें वर्णित सम्पतियों के नामान्तरण/उपविभाजन/संयुक्तिकरण प्रमाण पत्र में किसी व्यक्ति विशेश को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति मय ठोस दस्तावेज सहित इस सूचना के प्रकाशन होने की दिनांक से 3 दिवस में इस कार्यालय मे आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें। उपरोक्त अवधि के समाप्त के उपरान्त प्राप्त होने वाली आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी। तथा सम्पत्ति आवेदनकर्ता के नाम नामान्तरण/उपविभाजन/संयुक्तिकरण प्रमाण पत्र जारी कर दिया जावेगा।

क्र. स.	आवेदनकर्ता का नाम	स्थल जहां सम्पत्ति है	पत्रावली संख्या	पत्रावली का प्रकार	पट्टा संख्या/वर्ष	भूखण्ड संख्या	कुल रकबा (वर्गगज)
1	अशोक कुमार पुत्र श्री चोखाराम विश्नोई	विष्णु नगर सांचौर	330/2025	नामान्तरण	98/2007	19	166.66
2	दिनेश कुमार पुत्र श्री भेराराम पुरोहित	मोजियावास सांचौर	331/2025	नामान्तरण	File no 249/1984	-	200
3	गंगा विश्नोई पत्नी श्री जगदीश कुमार विश्नोई	ज्योति नगर 2 सांचौर	332/2025	नामान्तरण	1348/2025	123	166.66
4	मणीलाल खत्री पत्नी श्री कानारामजी खत्री	पार्श्वनाथ नगर हाडेचा रोड सांचौर	333/2025	नामान्तरण	81/2012	54	166.66
5	मणीलाल खत्री पत्नी श्री कानारामजी खत्री	पार्श्वनाथ नगर हाडेचा रोड सांचौर	334/2025	नामान्तरण	80/2012	53	166.66
6	जगदीश पुत्र श्री कृष्णराम माली	नेहरू कॉलोनी सांचौर	335/2025	नामान्तरण	818/2022	-	102.14
7	सुरेश कुमार पुत्र श्री घेवरचन्दजी सोनी	रानीवाडा रोड सांचौर	336/2025	नामान्तरण (वाणिज्यिक)	259/88	-	29.33
8	ममता देवी पत्नी श्री सुरेश कुमार माली	रानीवाडा रोड सांचौर	337/2025	नामान्तरण (वाणिज्यिक)	259/1988	-	56.22
9	दिनेश कुमार पुत्र श्री भेराराम	मोजियावास सांचौर	62/2025	उपविभाजन	File No 249/1984	-	200

राज.संवाद/सी/25/11295

अधिशाषी अधिकारी

विजयदशमी पर हिन्दू युवा संगठन संस्था ने किया शस्त्र पूजन

जालोर, (कासं)। हिन्दू युवा संगठन संस्था, जालोर के तत्वावधान में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी विजयदशमी के पावन पर्व पर पवित्र शस्त्र पूजन का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम माली समाज सोलंकी परिवार प्रेम नगर स्थित क्षेमंकरी माताजी मंदिर प्रांगण में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। शस्त्रों का विशेष श्रृंगार कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात आरती एवं शांति पाठ के साथ आयोजन को धर्ममय वातावरण में सम्पन्न किया गया। संस्था के कोषाध्यक्ष मंगलाराम सांखला ने बताया कि विजयदशमी का पर्व अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है और इसी अवसर पर संगठन द्वारा शस्त्र पूजन का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। इस वर्ष भी कार्यक्रम में बडी संख्या में समाजजन एवं युवा कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही।

हिन्दू युवा संगठन के कार्यकर्ताओं शस्त्र पूजन करते हुए।

कार्यक्रम में झरनेश्वर महादेव मठ के महंत साईनाथ महाराज का पावन सानिध्य प्राप्त हुआ। उन्होंने अपने आशीर्वचन में कहा कि शस्त्र केवल सुरक्षा के लिए ही पूजनीय नहीं हैं, बल्कि उनका सदुपयोग समाज में न्याय, धर्म

■ **शस्त्रों का विशेष श्रृंगार कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई**

और सत्य की रक्षा के लिए होना चाहिए। जब शस्त्र का संयमित प्रयोग होता है तभी समाज में शांति और व्यवस्था बनी रहती है। आयोजन की अध्यक्षता हिन्दू युवा संगठन संस्था के संस्थापक अध्यक्ष सुरेश सोलंकी ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज के युवा समाज की रीढ हैं। विजयदशमी जैसे पर्व हमें मर्यादा, साहस और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देते हैं। शस्त्र पूजा केवल परंपरा नहीं, बल्कि यह हमारे संस्कारों का प्रतीक है। मुख्य अतिथि भाजपा जिलामहामंत्री गजेन्द्रसिंह सिसोदिया ने संगठन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि विजयदशमी हमें सदैव यह संदेश देती है कि अन्याय और अधर्म का अंत निश्चित है। युवाओं को इस परंपरा से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र की रक्षा हेतु सदैव तत्पर रहना चाहिए। इस अवसर पर दिलीप सोलंकी ने भी अपने संबोधन में कहा कि हिन्दू संस्कृति में शस्त्र पूजन का विशेष महत्व है। यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि शक्ति और संयम का प्रतीक है। जब युवा धर्म और समाज रक्षा के संकल्प के साथ शस्त्र पूजन करते हैं, तो वह राष्ट्र की मजबूती का आधार बनता है। विशिष्ठ अतिथि के रूप में माली समाज सोलंकी लायसा परिवार सेवा संस्थान अध्यक्ष जुठाराम सोलंकी, भाजपा नेता एवं लायसा परिवार सेवा संस्थान उपाध्यक्ष दिलीप सोलंकी, भेराराम सांखला, मूलाराम प्रजापत, सोलंकी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यालय नगर परिषद्, सांचौर (राज.)

(टेलिफोन नम्बर-02979-283280 व ई-मेल आई.डी. eosanchore.lsg@rajasthan.gov.in & eosanchore2010@gmail.com)

क्रमांक : न.प.सां./2025/4147-4149 दिनांक : 26.09.2025

-:: आपत्ति विज्ञप्ति ::-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पालिका परिक्षेत्र में निम्नांकित आवेदनकर्ताओ द्वारा प्रस्तुत कार्यालय में लम्बित 69-क पत्रावलियों के तहत पट्टा जारी करने हेतू मांग की है, इस बाबत् किसी व्यक्ति/आस-पडौस को आपत्ति हो तो 3 दिवस मंय सबुत के साथ उपस्थित होकर कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद म्याद गुजरने पर कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित रहे जो पत्रावलियों का विवरण निम्न प्रकार है-

क्र. स.	पत्रावली सं. / दिनांक	प्रार्थी का नाम /पिता का नाम	मौहल्ला	भूमि का क्षैत्रफल वर्ग गज/वर्ग मी.	नियमन हेतू	प्रयोजनार्थ
1	LD/SNCH/2023-24/174562	श्रीमति संतोष कंवर पत्नि श्री जनकसिंह राजपूत	रमेष कॉलोनी सांचौर	892.193	69-क	वाणिज्यक
2	LD/SNCH/2025-26/454764	श्रीमति प्रमिलादेवी पत्नि श्री भवानीशंकर जाति-महेष्वरी	मेहता मार्केट में स्थित वाणिज्यक दूकान	21.60	69-क	वाणिज्यक
3	LD/SNCH/2025-26/245782	श्री सेंधाराम, विकमकुमार पुत्र श्री रमेषचंद्र जाति-जीनगर	जीनगर कॉलोनी सांचौर	13.01	69-क	आवासीय
4	LD/SNCH/2025-26/245750	श्री सेंधाराम, विकमकुमार पुत्र श्री रमेशचंद्र जाति-जीनगर	जीनगर कॉलोनी सांचौर	101.44	69-क	आवासीय
5	LD/SNCH/2025-26/255681	श्री जगदीष कुमार पुत्र श्री बगदाराम जाति-जीनगर	जीनगर कॉलोनी सांचौर	46.47	69-क	आवासीय
6	LD/SNCH/2025-26/255719	श्री जयन्तिलाल पुत्र श्री बगदाराम जाति-जीनगर	जीनगर कॉलोनी सांचौर	46.47	69-क	आवासीय
7	LD/SNCH/2025-26/255750	श्री पूंजाराम पुत्र श्री बगदाराम जाति-जीनगर	जीनगर कॉलोनी सांचौर	46.47	69-क	आवासीय
8	LD/SNCH/2024-25/213279	श्री मोहनलाल पुत्र श्री भूताजी जाति-जैन	सुभा"ा नगर कॉलोनी सांचौर	113.84	69-क	आवासीय
9	LD/SNCH/2025-26/248814	श्री रूगनाथ पुत्र श्री हरीराम जाति-विष्नोई	इन्दिरा कॉलोनी सांचौर	125.46	69-क	आवासीय
10	LD/SNCH/2025-26/253430	श्री दिनेश कुमार व्यास पुत्र श्री जटाशंकर व्याय जाति-श्रीमाली	रमेश कॉलोनी सांचौर	167.28	69-क	आवासीय
11	LD/SNCH/2025-26/244260	श्रीमति सुखीदेवी पत्नि श्री दिलीप कुमार जाति-प्रजापत	निलकंठ कॉलोनी के पास, सांचौर	51.70	69-क	आवासीय
12	LD/SNCH/2025-26/258926	श्री अशोक कुमार पुत्र श्री भुराराम जाति-जटिया	जटियो का वास षिवनाथपुरा, सांचौर	91.72	69-क	आवासीय
13	LD/SNCH/2025-26/249017	श्री पीताम्बर पुत्र श्री खंगाराराम जाति-जीनगर	जीनगर कॉलोनी, सांचौर	67.84	69-क	आवासीय
14	LD/SNCH/2025-26/252997	श्री प्रकाशचंद्र पुत्र श्री गमनाराम जाति-जीनगर	रामदेव कॉलोनी, सांचौर	92.93	69-क	आवासीय

राज.संवाद/सी/25/11297

अधिशाषी अधिकारी